Seventeenth Loksabha

an>

Title:*h Need to upgrade State Highway No. 2 into a 4-Lane National Highway in Banswara Parliamentary Constituency.

श्री कनकमल कटारा (बांसवाड़ा): माननीय सभापति महोदय, आज भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी एवं सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी जी देश में सड़कों का जाल निर्मित कर रहे हैं, जिससे व्यापारियों के साथ आमजन को भी बहुत लाभ मिल रहा है। बहुत सारे लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। जिस क्षेत्र को राष्ट्रीय राजमार्ग से जोड़ा जा रहा है, उस क्षेत्र का विकास बहुत जल्द हो रहा है तथा विकास के साथ रोजगार के नए आयाम भी स्थापित हो रहे हैं। मैं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री और सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी को मेरे क्षेत्र की जनता की ओर से हार्दिक आभार एवं धन्यवाद देता हूँ।

मैं माननीय सड़क परिवहन और राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री जी को मेरे अनुसूचित जनजाति क्षेत्र बांसवाड़ा-डूंगरपुर के बारे में अवगत कराना चाहता हूँ। यह क्षेत्र गुजरात एवं मध्य प्रदेश की सीमा से जुड़ा हुआ है। इस क्षेत्र में स्थिति स्टेट हाईवे संख्या-32, जो पाली-रणकपुर-गोंगुन्दा-उदयपुर-सलूम्बर-आसपुर-साबला-पालोदा-लोहारिया-गनोड़ा-बांसवाड़ा से होते हुए राज्य की सीमा से जुड़ता है। वह मात्र एक लेन का ही है। बहुत अधिक मोड़ होने के कारण व भारी वाहनों की लगातार आवाजाही के कारण यहाँ पर अधिकतर आवागमन बाधित रहता है तथा प्रतिदिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं।

इसलिए माननीय मंत्री जी, मैं आपसे विशेष अनुरोध करना चाहता हूँ कि इस स्टेट हाईवे को राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा दिया जाए और साथ में ही इसे चार लेन का राष्ट्रीय राजमार्ग बनाया जाए, जिससे इस अनुसूचित क्षेत्र के विकास को पंख लग सके और यह आदिवासी क्षेत्र मुख्यधारा से जुड़ सके। उक्त सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग में परिवर्तित करने से राजस्थान राज्य के अनुसूचित आदिवासी क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका होगी।